भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 3221
दिनांक 08.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

विदेशों में हिंदुओं पर हमले

3221. **श्री अनिल यशवंत देसाई:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और स्कॉटलैंड जैसे कुछ देशों में हिन्दुओं पर हमले, उनके मंदिरों आदि में तोड़फोड़ और उनके साथ भेदभाव के कुछ मामलों पर ध्यान दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हिन्दू फोबिया वाले प्रयासों के विरुद्ध एक प्रस्ताव स्कॉटिश संसद में विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उन देशों तथा अन्य देशों में हिन्दू समुदाय के प्रति ऐसे भेदभाव को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह]

(क) ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में हिंदुओं पर हमले और हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ के मामले सामने आए हैं। तथापि, स्कॉटलैंड (यूके) में ऐसा कोई मामला विशेष रूप से सामने नहीं आया है। पिछले वर्ष से, अमेरिका में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ के 05 और कनाडा में 04 मामले सामने आए हैं।

(ख) स्कॉटिश संसद में, वर्तमान में हिंदूफोबिया के विरुद्ध कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) जब भी ऐसे मामले हमारे संज्ञान में आते हैं, तो संबंधित संगठन और व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ ऐसे कृत्यों के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के उद्देश्य से, मामले को तुरंत मेजबान सरकार के समक्ष उठाया जाता है।

*****